**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–29.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1 **धनबाद में झरिया मास्टर प्लान की प्रगति को लेकर केंद्र सरकार की टीम ने की बैठक, महिलाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार पर दिया जोर।**

2 **झारखंड हाई कोर्ट ने पर्व–त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर रोक को लेकर दायर जनहित याचिका पर की सुनवाई, सभी जिलों की रिपोर्ट 6 मई तक दाखिल करने का दिया आदेश ।**

3 **लातेहार पुलिस ने लेवी वसूलने वाले पांच अपराधी किए गिरफ्तार, हथियार और टीएसपीसी के पर्चे किए बरामद**

4 **पाकुड़ में एंटी करप्शन ब्यूरो टीम की कार्रवाई, जमशेरपुर पंचायत के जनसेवक को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार।**

5 **रांची में छठी राष्ट्रीय सब जूनियर मिक्सड नेटबॉल और छठी राष्ट्रीय ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने कई वर्गों में जीता पदक।**

*****************

धनबाद में आज झरिया मास्टर प्लान की प्रगति को लेकर भारत सरकार की चार सदस्यीय केंद्रीय टीम के साथ उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर एमओआरडी राजेश्वरी एसएम, एमएसएमई के मिलिंद रामटेके, एमएसडीई के वी.एस. अरविंद और एमओसी के बीके ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान प्लान की अद्यतन स्थिति और बेलगड़िया टाउनशिप के विकास कार्यों की जानकारी दी गई। केंद्र सरकार की टीम ने टाउनशिप में रह रहे लोगों, विशेषकर महिलाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार पर जोर देते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

*****************

पर्व–त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर रोक को लेकर, मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने, दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने केवल रांची जिले की रिपोर्ट मिलने और अन्य जिलों की जानकारी नहीं देने पर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई। अदालत ने राज्य सरकार को सभी जिलों की जानकारी 6 मई तक शपथ पत्र के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया है।

*****************

खूंटी जिले में दिशा की बैठक सांसद कालीचरण मुंडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त लोकेश मिश्रा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष समेत सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, नल–जल योजना, तालाब निर्माण, भूमि संरक्षण और कृषि कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने सभी लंबित योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय से राहत मिलने के बाद रिम्स के निदेशक डॉक्टर राजकुमार ने फिर से अपना पदभार संभाल लिया और काम पर लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि स्टे आर्डर मिलने के बाद वह मरीजों के हित में कार्य कर रहे हैं।

इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि यह मामला अभी न्यायालय में है। राज्य सरकार ने जो भी फैसला लिया था वह बिना किसी भेदभाव के लिया था।

*****************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर रांची में आयोजित कार्यशाला में कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने निजी अस्पतालों को मरीजों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी लेने और गाइडलाइन का पालन करने की सलाह दी।

*****************

लातेहार पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी एनटीपीसी टंडवा के कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य को रुकवाकर ठेकेदारों और अधिकारियों से लेवी मांग रहे थे। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल, जिंदा कारतूस, टीएसपीसी के पर्चे, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले में पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दलभंगा ओपी पुलिस ने 70 जोड़ी बैलों को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने सियाडीह–तरम्बा क्षेत्र में की। तस्कर इन मवेशियों को पश्चिम बंगाल ले जाने की फिराक में थे। पुलिस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

****************

केंद्र सरकार की स्फूर्ति योजना के तहत गोड्डा जिले के बसंतराय प्रखंड के रेशम्बा गांव के 500 कारीगरों को रोजगार देकर आर्थिक रूप से सबल किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

पाकुड़ में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सदर प्रखंड के जमशेरपुर पंचायत के जनसेवक वतन कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जनसेवक ने मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप निर्माण के भुगतान की एवज में लाभुक असिकुल से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी।

****************

हजारीबाग में पीपल चौक के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर सदर एसडीओ ने 10,000 रुपये की सहायता राशि और अन्य मदद का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटा लिया गया।

****************

आकाशवाणी से चार धाम यात्रा के उद्‌घाटन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण कल सुबह 10 से 11 बजे तक होगा, जबकि यमुनोत्री धाम का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण 2 मई को सुबह 6 बजे होगा, जबकि बद्रीनाथ धाम के खुलने का सीधा प्रसारण 4 मई को सुबह साढे छह बजे से साढे सात बजे तक होगा।

****************

मौसम विभाग ने अगले एक से तीन घंटों के अंदर रांची और लोहरदगा के लिए येलो अलर्ट और सिमडेगा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके तहत रांची, लोहरदगा और सिमडेगा जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा, बादलगर्जन और बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और किसानों को फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

****************

राजधानी रांची में 26 से 28 अप्रैल तक आयोजित छठी राष्ट्रीय सब–जूनियर मिक्सड नेटबॉल और छठी राष्ट्रीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड ने मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रूरल फुटबॉल में सब–जूनियर बालक और बालिका दोनों वर्गों में विजेता बना। सीनियर महिला वर्ग में भी झारखंड ने जीत हासिल की।

****************

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज नई दिल्ली में डेल्ही कैपिटल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच शाम साढे 7 बजे शुरू होगा।

***************